## एक नजर में

### एडवांस माइक्रोस्कोप के माध्यम से किया ऑपरेशन



**बुरहानपुर।** जिला चिकित्सालय बुरहानपुर ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए जर्मनी से आयातित अत्याधुनिक एडवांस माइक्रोस्कोप की सहायता से पहली बार में आर्टेरियो.वेनस फिस्टुला ए.वी. फिस्टुला का जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किया है। इस उपलब्धि से अब जिले के मरीजों को ऐसे जटिल उपचार के लिए बड़े शहरों अथवा निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह ऑपरेशन जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। संबंधित मरीज किडनी रोग की गंभीर बिमारी से पीड़ित था, जिसके उपचार के लिए अत्यधिक सूक्ष्मता और सटीकता की आवश्यकता थी। जर्मनी से आयातित एडवांस माइक्रोस्कोप की उच्च क्षमता और आधुनिक तकनीक से ऑपरेशन में मदद मिली, जिससे पूरी प्रक्रिया सुरक्षित, सफल और प्रभावी रही। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रभारी सिविल सर्जन डॉण् प्रतीक चौधरी एवं डॉ.गौरव थावानी ने बताया कि आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के उपयोग से जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है। इससे जिले के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं उन्नत उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा। सफल ऑपरेशन में डॉ.स्वाती जैन, डॉ.श्वेता शिवहरे सहित चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### लेखापाल लक्ष्मण भोंडव के सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**बुरहानपुर।** श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुरहानपुर में लेखापाल के पद पर कार्यरत श्री लक्ष्मण भोंडवे का 31 जुलाई को सेवा निवृत्ती पर विदाई कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में निमाड़ एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष डॉ.राजीव मुजुमदार,उपाध्यक्ष भीमसेन लधवे,सचिव जगदीश वाढे उपस्थित थे। मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सचिव श्री जगदीश जी वाढे ने कहा लक्ष्मण भोंडवे ने निष्ठा और ईमानदारी से अपनी सेवाएं दी है और विद्यालय के विकास में योगदान दिया है। समिति के पदाधिकारियों द्वारा श्री भोंडवे का शॉल, श्रीफ्ल और उपहार देकर सम्मानित किया। शाला परिवार की ओर से भी श्री भोंडवे जी का विद्यालय के प्राचार्य गोपाल जी मुझलदा ने फूलमाला, शॉल, श्रीफल और उपहार देकर सम्मानित किया। श्री महमदपुरकर सर ने श्री भोंडवे जी के सेवा कार्य की सराहना की। श्री जाधव सर ने उनके हसमुख स्वभाव और कुशल व्यवहार की प्रशंसा की। प्राचार्य श्री मुझाल्दा सर ने उनके कार्यशैली और कुशल व्यवहार का जिक्र किया। समिति के पदाधिकारियों और सभी शिक्षकों ने श्री भोंडवे जी के स्वस्थ जीवन की कामना की।कार्यक्रम में श्री भोंडवे जी के परिवार के सभी सदस्य,शाला के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं, कर्मचारी उपस्थित थे। पाटील सर ने सभी का आभार प्रकट किया। संचालन शिक्षक लक्ष्मण भल्लावी ने किया।

### सीएम ने दिया 20 लाख तक कैशलेस इलाज का तोहफा

**बुरहानपुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रदेश के 11 लाख कर्मचारियों को इलाज के लिए 20 लाख रुपए कैशलेस सुविधा मुख्यमंत्री केयर योजना को मंजूरी प्रदान की मुख्यमंत्री जी के फैसले का संयुक्त मोर्चा बुरहानपुर द्वारा मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया धन्यवाद व्यक्त किया अभिनंदन किया गया।



उपरोक्त जानकारी देते हुए कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय उर्दू शिक्षक संघ के सलाहकार मंडल के राज्य अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट ऑफओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त मोर्चा विगत 1 वर्ष से कर्मचारी पेंशनरों को कैशलेस सुविधा का इलाज का मांग करते आ रहे थे और इस संबंध में माननीय मुख्यमंत्री जी को बुरहानपुर आगमन पर दो बार ज्ञापन भी दिया गया था और मान्य मुख्यमंत्री जी ने संवेदनशीलता दिखाते हुए कहा भी था मैं बहुत जल्द आप लोगों को कैशलेस सुविधा 20 लख रुपए तक देने का प्रावधान कर रहा हूं जो आज उन्होंने जो कहा था वह साबित हो गया योजना में कर्मचारियों से मूल वेतन का एक प्रतिशत तथा पेंशनरों से 4 प्रतिशत मासिक प्रीमियम लिया जाएगा। उन्ळोने बताया कि हर हितग्राही को 20 लाख तक कैशलेस इलाज ओपीडी दवा और उपकरण के लिए 20000 प्रतिवर्ष इलाज सरकारी व संबंध निजी अस्पतालों में उपलब्ध रहेगी डिजिटल यूनिट आईडी कार्ड के माध्यम से सुविधा प्रदान की जाएगी एवं आपातकालीन स्थिति में ओसमंद अस्पतालों के लिए प्रतिपूर्ति आपातकालीन परिस्थितियों में असमर्थ अस्पतालों में भी उपचार कराया जा सकेगा इसमें होने वाले व्यक्ति की प्रतिपूर्ति की जाएगी। योजना में राज्य के सभी आयुष्मान योजना से संबंध अस्पताल भारत सरकार की स्वास्थ्य योजना से जुड़े अस्पताल राज्य के बाहर के चिन्हित उच्च गुणवत्ता वाले अस्पताल शामिल रहेंगे । संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी शिक्षक कांग्रेस केबीधर्मेंद्र चौकसे,उर्दू शिक्षक संघ के अशफाक खान, अजेक्स के राजेश साल्वे ,नेशनल मूवमेंट के अनिल बाविस्कर, बृजेश राठौर, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के ठाकुर हेमंत सिंह, पेंशनर्स संघ के अत्ताउल्लाह खान, नेशनल मूवमेंट राजेश पाटील, श्रीमती कल्पना पवार, ज्योति शाह, बाथम मैडम ,निंबालकर मैडम मंडी कर्मचारी संघ के श्रीकांत गंगराड़े ,सदानंद भाई आजाद ,शिक्षक संघ के भानुदास भंगाले सभी ने मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए हर्ष व्यक्त किया है मुख्यमंत्री जी के प्रति आदर व्यक्त किया है धन्यवाद व्यक्त किया है।

### डी-वन कॉलोनी से बाइक चोरी

**नेपानगर।** डी.वन कॉलोनी से एक बाइक चोरी हो गई। दीपक पिता राम सिंह ठाकुर ने पुलिस को शिकायत की कि 24 जून को मैं अपने परिवार के साथ पुणे गया था। 28 जून को पड़ोसी मनोज जवादे ने मोबाइल से सूचना दी कि तुम्हारे यहां चोरी हो गई है। मैं पुणे से नेपानगर अया। देखा तो घर के सामने खड़ी बाइक एमपी 12 बीएम 9528 नहीं दिखी। अज्ञात बदमाश उसे चुराकर ले गया। काफी तलाश करने पर भी बाइक नहीं मिली। पुलिस ने अब केस दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

# मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन : कलेक्टर सिंह



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री जन.विश्वास अभियान.2026 के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर हर्ष सिंह और एसपी आशुतोष बागरी की उपस्थिति में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें अभियान के उद्देश्यों कार्ययोजना एवं शासन द्वारा जारी दिशा–निर्देशों की विस्तृत जानकारी देते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा –निर्देश दिए गए।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने कहा कि जनविश्वास, जनकल्याण की आधारशिला है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की निगरानी तथा लोक सेवाओं का समय.सीमा में प्रदाय सुनिश्चित करना है। सभी अधिकारी अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री जन.विश्वास अभियान 7 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 8 जनवरी 2027 तक संचालित किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक शुक्रवार को अभियान दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी स्तर पर समीक्षा बैठकें आयोजित नहीं की जाएंगी तथा पूरा दिन क्षेत्र भ्रमण निरीक्षण एवं जनसंवाद के लिए समर्पित रहेगा।

बैठक में बताया गया कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक शुक्रवार को जिला प्रशासन के अधिकारी निर्धारित क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे। भ्रमण से पूर्व संबंधित क्षेत्र की सीएम हेल्पलाइन,जन.सुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर अधिकतम शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के दौरान आम नागरिकों के साथ जनसंवाद एवं उद्यमियों के साथ उद्यम संवाद भी आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने शासन के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रमों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, सार्वजनिक स्थलों पर उपलब्ध अधोसंरचना का ही उपयोग करने तथा अनावश्यक साज.सज्जा एवं अतिरिक्त व्यय से बचने के निर्देश भी दिए।

बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री जन.विश्वास अभियान के चार प्रमुख स्तंभ संवाद, समाधान, संवेदनशीलता एवं सादगी होंगे। अभियान अंतर्गत 7 अगस्त को जिले की ग्राम पंचायत जम्बूपानी को क्षेत्र भ्रमण एवं जनसंवाद के लिए चिन्हित किया गया है, जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर शासन की योजनाओं का मैदानी स्तर पर निरीक्षण करेंगे तथा आमजन की समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित करेंगे। आयोजित बैठक में राजस्व अधिकारी सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण और पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे।

## नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्यविधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के दिशा.निर्देशानुसा नु र दिनांक 12 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओर अध्यक्ष श्रीमती विधि सक्सेना के मार्गदर्शन में सचिव/ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमान प्रेमदीप सांकला, जिला विधिक सहायता अधिकारी सुश्री अनुपनुमा मुजाल्दे द्वारा नेशनल लोक अदालत की तैयारियां प्रारंभ करवा दी गई है।

जानकारी अनुसार दिनांक 12 सितम्बर 2026 को आयोजि त होने वाली नेशनल लोक अदालत में नालसाए नई दिल्ली एवं सालसा, जबलपुर पु के निर्देशानुसा नु र न्यायालय में लंबित एवं प्री.लिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाता है। जिसमें न्यायालय में लंबित आपराधिक प्रकरण, परक्राम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एम. ए1सी.टी.मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के मामले वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत यु एवं जलकर बिल संबंधी प्रकरण ;चोरी के मामलों को छोड़कर,सेवा मामले जो सेवा निवृत्त वृ संबंधी लाभों से संबंधित है, राजस्व के प्रकरण दीवानी मामले तथा जलकर एवं विद्युत संबंधी पूर्व प्रीलिटिगेशन आदि राजीनामा योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकरण हेतु नेशनल लोक अदालत में रखा जाएगा ।

## कई किसानों के खातों में नहीं पहुंची सहायता, मुआवजे का कर रहे इंतजार

**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** जिले के ग्राम घाघरला,डालमहू सहित आसपास के कई गांवों के किसान आज भी अपनी क्षतिग्रस्त केला फसल की सहायता राशि का इंतजार कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा बुधवार को सिंगल क्लिक के माध्यम से प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के खातों में सहायता राशि जारी की गई थीए लेकिन राशि जारी होने के दो दिन बाद भी अनेक पात्र किसानों के बैंक खातों में मुआवजे की रकम नहीं पहुंची है। इससे किसानों में चिंता और नाराजगी बढ़ती जा रही है।



ग्राम घाघरला निवासी किसान तोताराम सावजी ने बताया कि कुछ समय पहले आई तेज आंधीण्तूफान से उनकी केला फसल पूरी तरह प्रभावित हो गई थी। नुकसान के बाद राजस्व विभाग के पटवारी ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया तथा फसल क्षति का सर्वे भी किया। किसानों को विश्वास था कि सर्वे के आधार पर शीघ्र ही सहायता राशि उनके खातों में पहुंच जाएगी, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी उनके खाते में कोई राशि जमा नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कई पात्र किसान अब भी सहायता राशि से वंचित हैं। कुछ किसानों के खातों में राशि पहुंच गई हैए जबकि अनेक किसानों को अभी तक कोई भुगतान नहीं मिला है। इससे किसानों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**जल्द दिलाएं मुआवजा:-** किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जिन किसानों के खातों में अब तक सहायता राशि नहीं पहुंची हैए उनके प्रकरणों की तत्काल जांच कर लंबित भुगतान शीघ्र जारी किया जाए। किसानों का कहना है कि प्राकृतिक आपदा से पहले ही उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है और अब सहायता राशि में हो रही देरी उनकी परेशानियों को और बढ़ा रही है। उनका आग्रह है कि प्रशासन जल्द से जल्द पात्र किसानों के खातों में सहायता राशि पहुंचाकर उन्हें राहत प्रदान करे।

**पहले से ही परेशान किसान:-** किसानों को कहना है कि हम पहले से ही परेशान है। पहले ही केला फसल पर बीमा का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इसके लिए किसान कई बार आंदोलन भी कर चुके हैं। हर साल प्राकृतिक आपदा से फसल अलग खराब होती है। इस बार भी तीन बार फसल खराब हुई। सर्वे में नाम आने के बाद भी अब तक मुआवजा नहीं मिला।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए वार्ड स्तरीय समिति बैठक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं वार्ड स्तर पर स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से वार्ड क्रमांक 36 डाकवाड़ी एवं वार्ड 07 तिलक वार्ड में वार्ड स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्ड 36 में समिति के अध्यक्ष भरत भुजड़े, सदस्य सचिव निलाचंद इंगले,सदस्य कुलदीप मनोहरलाल शर्मा, श्रीमती संध्या कदवाने और गीता यादव एवं वार्ड 07 तिलक वार्ड में अध्यक्ष संजू राजा, सदस्य सचिव वीरेंद्र जंगाले, सदस्य वरुण चौधरी, गोपाल सिंह, लक्ष्मण भल्लावी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान वार्ड में 100 प्रतिशत डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमए 2026 के प्रमुख प्रावधानों एवं नागरिकों की भूमिका, गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट को पूर्णत: समाप्त करने की कार्ययोजना तथा कचरा वाहन की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित वाहन प्रभारी के संपर्क नंबर उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

समिति सदस्यों ने वार्ड की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अपने सुझाव भी साझा किए।



बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक नागरिक को घर पर ही गीला, सूखा, सेनेटरी एवं विशेष देखभाल अपशिष्ट का पृथक.पृथक संग्रहण करने तथा केवल कचरा वाहन को ही कचरा देने के लिए निरंतर जागरूक किया जाएगा। साथ ही वार्ड में जनभागीदारी बढ़ाकर कचरा पृथक्करण एवं स्वच्छता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।

बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने वार्ड को स्वच्छ,सुंदर एवं गार्बेज वल्नरेबल पॉइंट मुक्त बनाने का संकल्प लिया तथा नागरिकों से भी ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का पालन करते हुए नगर पालिक निगम के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

## कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के संबंध में बैठक

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्राओं को सुरक्षितए सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री हर्ष सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष बागरी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांवड़ यात्रा मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था,यातायात प्रबंधनए चिकित्सा सहायता, पेयजल, विश्राम स्थलों एवं समन्वय संबंधी तैयारियों के संबंध में चर्चा की गयी।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने परिवहन एवं ट्रैफिक कंट्रोल रूम को कांवड़ यात्रा मार्गों पर आवश्यक सूचना एवं मार्गदर्शन संबंधी पोस्टर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने हाईवे से गुजरने वाले कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए वाहन चालकों को निर्धारित एवं धीमी गति से वाहन चलाने के लिए जागरूक करने की बात कही। साथ ही क्षेत्रीय अधिकारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में यात्रा हेतु आवश्यक निगरानी एवं व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने संचालक एवं समिति प्रतिनिधियों से दिन के समय यात्रा करने तथा रात्रिकालीन यात्रा से बचने की बात भी कही। उन्होंने यात्रा मार्ग पर संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी, भीड़ नियंत्रण, पुलिस बल की तैनाती तथा आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



एसपी बागरी ने बताया कि इस वर्ष कांवड़ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए कांवड़ सुरक्षा कवच उपलब्ध कराया जाएगा। इस सुरक्षा कार्ड में कांवड़ समिति एवं आयोजक का नाम, संपर्क विवरण,यात्रा का गंतव्य, यात्रा मार्ग एवं वापसी मार्ग का विवरण,निकटवर्ती अस्पतालों की जानकारी, स्थानीय थाना प्रभारियों के मोबाइल नंबर, पुलिस कंट्रोल रूम, आपातकालीन सहायता, एम्बुलेंस सेवा सहित आवश्यक हेल्पलाइन नंबर अंकित रहेंगेए जिससे आवश्यकता पड़ने पर यात्रियों को त्वरित सहायता मिल सकती है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे, एसडीएम बुरहानपुर एवं नेपानगर सहित अन्य अधिकारी, पुलिस अधिकारी व कांवड़ यात्रा समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## गरीबों से ठगी करने वाले सक्रिय, अवैध कॉलोनियों की भरमार, प्रशासन मौन

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर जिले में अवैध गैर क़ानूनी ढंग से कालोनिया बनाकर आकर्षित प्रलोभन देकर गरीब एवं मध्यम परिवार के लोगो को ठगने के मामले निरंतर उजागर हो रहे है ।इसमें शासन की ढुलमुल निति हो या प्रशासन में बैठे अधिकारियो की अनदेखी हो,आखिर ठगे तो गरीब उपभोक्ता ही जा रहे है।



दो जून की रोटी कमाकर अपने परिवार के रहने के लिए घर बनाने का सपना देखने वालो का सपना इन गोरखधंधे करने वालो के जाल में फंस सपना ही रह जाता है । ऐसा ही एक मामला नगर के वार्ड क्र 26 राजेंद्र प्रसाद वार्ड के निवासी साहेबराव पिता कोमाजी इंगले ने एस.डेवलपर्स के नाम से धंधा करने वाले मोहम्मद सगीर अंसारी पिता मोण् इस्माइल निवासी वार्ड 15 नागझिरी बुरहानपुर निवासी से 500 वर्ग फीट का एक प्लाट 275000/- में सौदा कर दिंनाक 25/10/2023 को 150000/-देड लाख रूपये नगद देकर सौदा चिट्ठी ;इकरारनामा लिखकर ख़रीदा गया और शेष राशी 22 माह में देकर रजिस्ट्री कराने का सौदा किया गया तथा निर्धारित समय में शेष राशी देकर प्लाट की रजिस्ट्री कराने का निवेदन विक्रेता से बार बार करता रहा किन्तु उक्त प्लाट की रजिस्ट्री करके नही दी तथा उक्त प्लाट को किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया, जब यह बात खरीददार को मालूम पड़ी तो बेचवाल उसे दूसरी जगह दूसरा प्लाट देने का कहकर उस प्लाट को भूल जाओ की बात करते खरीददार धमकी देने लगा। यही नही उसने एक प्लाट को दो/तीन लोगो को बेचने की बात भी सामने आई है ।

इस प्रकार से एस.डेवलपर्स के मोहम्मद सगीर अंसारी ने कई लोगो को प्रलोभन देकर धोखाधड़ी कर 420 जैसे अपराध किये है जिसकी शिकायत फरियादी द्वारा दिंनाक 04/07/2026 को सम्बन्धित थाना गणपति नाका एवं सम्बंधित उच्च अधिकारियो को की है ,उक्त मामले में दर दर भटकने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हुई है ज्ञात हो की जिले में गैर क़ानूनी ढंग से कॉलोनियो का अवैध निर्माण निर्बाध रूप से जारी है और गरीब और मध्यम परिवारों को प्रलोभन देकर प्लाट बेचे जा रहे है प्रशासन के संज्ञान में आने के बाद भी कोय ठोस कार्यवाही इन गोरख धंधा करने वालो पर नही की जाती है।

## 48 दूध और दुग्ध उत्पादों की जांच

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के मार्गदर्शन में जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन जांच अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से विभिन्न दूध एवं डेयरी प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर 48 दूध एवं दुग्ध उत्पादों के नमूनों की मौके पर ही जांच की गई। जांच के दौरान जिन प्रतिष्ठानों पर गुणवत्ता संबंधी अनियमितता की आशंका पाई गई, वहां से खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम,2006 तथा नियमए 2011 के प्रावधानों के तहत वैधानिक ; लीगल नमूने लेकर उन्हें परीक्षण हेतु राज्य खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है।



**अभियान के दौरान निम्न प्रतिष्ठानों से नमूने लिए गए:-** धनंजय मिल्क प्रोडक्ट, बुरहानपुर से घी, पनीर एवं मावा। वंदन दूध डेयरी, इंदिरा कॉलोनी से घी एवं दूध। अन्नपूर्णा एंटरप्राइजेज से घी। अविनाश डिस्ट्रीब्यूटर, इंदिरा कॉलोनी, बुरहानपुर से दूध एवं दही। गुरुकृपा डेयरी से घी। मारुति केरला चिप्स से सोयाबीन तेल एवं चिप्स के नमूने। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने यह अभियान जारी रहेगा।

## पुलिस से धक्का-मुक्की, 4 आरोपियों पर एफआईआर

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** बुरहानपुर में ताप्ती नदी में आई बाढ़ के दौरान लकड़ी पकड़ रहे तीन युवकों और एक नाबालिग ने पुलिस टीम से अभद्रता की। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने धक्का.मुक्की की और अपशब्द कहे। गणपति नाका थाना पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। यह घटना शुक्रवार को हुई जब भारी बारिश के कारण ताप्ती नदी उफान पर थी। गणपति नाका थाना टीआई कमल सिंह पंवार ने बताया कि नागझिरी घाट पर आरक्षक नीरज ठाकुर और लक्की पटेल आपदा प्रबंधन ड्यूटी पर तैनात थे। उनके साथ होमगार्ड आरक्षक शिव गौड़ और नगर निगम से उमर आरिफ, शंकर कैथवास भी मौजूद थे। टीम लोगों को नदी के तेज बहाव से दूर रहने की समझाइश दे रही थी। इसी दौरान नागझिरी निवासी कमलेश भारद्वाज,चेतन भारद्वाज, सुरेश भारद्वाज और एक नाबालिग जान जोखिम में डालकर खतरनाक क्षेत्र में घुसकर नदी से लकड़ियां पकड़ने का प्रयास कर रहे थे। जब टीम ने उन्हें समझाने और हटाने की कोशिश की,तो उन्होंने संयुक्त टीम के साथ अभद्रता कीए झूमाझटकी और धक्का.मुक्की की। उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ अश्लील शब्दों का भी प्रयोग किया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी कमल सिंह पंवार भी मौके पर पहुंचे। उनके सामने भी आरोपियों ने टीम के साथ अभद्र व्यवहार जारी रखा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफशासकीय कार्य में बाधा डालने, अभद्रता करने और अन्य संबंधित धाराओ,132,221, 224, 3.5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।




## एक नजर

### कई बार जिले में आए हैं किशोर कुमार, गांधी में कार्यक्रम में हुए थे शामिल...

## किशोर कुमार जन्मोत्सव का रजत जयंती वर्ष समारोह बुरहानपुर में मनेगा कल

**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** हिंदी सिनेमा के महान गायक, अभिनेता, संगीतकार एवं हरफनमौला कलाकार स्वर्गीय किशोर कुमार का बुरहानपुर से भी आत्मीय जुड़ाव रहा है। वरिष्ठजनों के अनुसार किशोर कुमार अपने जीवनकाल में बुरहानपुर आए थे। उस समय लायंस क्लब द्वारा गांधी हॉल में आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक समारोह में उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। यह आयोजन तत्कालीन पूर्व सांसद एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष ठाकुर महेंद्र सिंह के कार्यकाल में संपन्न हुआ था।

किशोर कुमार संगीत समारोह सोसायटी के पूर्व महासंयोजक एवं सुप्रसिद्ध शिक्षा विद स्वर्गीय ठाकुर वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधनों में अक्सर इस ऐतिहासिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहते थे कि उन्हें



किशोर कुमार को निकट से देखने और उनके व्यक्तित्व को अनुभव करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। वे किशोर कुमार के सहज एवं आत्मीय स्वभाव से अत्यंत प्रभावित थे और उनके संस्मरण आज भी संगीत प्रेमियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

इसी क्रम में बुरहानपुर के इतवारा निवासी वरिष्ठ संगीत प्रेमी गिरीश मगरे ने बताया कि उन्हें किशोर कुमार के अंतिम संस्कार में खंडवा जाने का अवसर मिला था। उस समय लाखों प्रशंसकों की भीड़ के बीच उन्होंने भावुक मन से अपने प्रिय कलाकार के अंतिम दर्शन किए। श्री मगरे ने कहा कि उसी दिन से उन्होंने किशोर कुमार के गीतों को अपने जीवन का हिस्सा बना लिया और आज भी उनके गीत गाते हैं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि ष्किशोर दा मेरे संगीत गुरु हैं और जीवन भर रहेंगे।

बुरहानपुर में किशोर कुमार की स्मृतियों को जीवंत बनाए रखने का कार्य किशोर कुमार संगीत समारोह सोसायटी जिला बुरहानपुर म.प्र.के वर्तमान अध्यक्ष विलास गोसावी ने बताया कि पिछले 25 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहे है। प्रत्येक वर्ष 3 अगस्त को किशोर कुमार का जन्मोत्सव मनाया जाता हैं एवं अलंकरण प्रदान किए जाते है।

संस्कृति संचनालय म प्र शासन भोपाल एवं किशोर कुमार संगीत समारोह सोसायटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस वर्ष महेश मोयल सिंगर इंडियन आइडल मुंबई सेलिब्रिटी एवं कादंबरी सिंगर स्वर कोकिला प्रस्तुति हेतु पधार रही हैं। कार्यक्रम की तैयारिया पूर्ण हो चुकी हैं। आयोजन शाम 7 बजे परमानंद गोविंदीवाला ऑडिटोरियम इंदिरा कॉलोनी में होगा दूध जलेबी का भोग लगेगा एवं रात्रि में केक काट कर किशोर कुमार का जन्म दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष फुल एल ई डी स्क्रीन में कार्यक्रम प्रदर्शित किया जाएगा।कार्यक्रम निशुल्क रहेगा। म्यूजिशियन की तीन इंदौर से अनिल शर्मा एवं म्यूजिकल ग्रुप अपनी शानदार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में संसद विधायक एवं समस्त जन प्रतिनिधि सादर आमंत्रित रहेंगे।